# परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय-2 , मुंबई

## हिन्दी पखवाड़ा-आख्या (रिपोर्ट)-2023

## (14 सितम्बर से २९ सितम्बर २०२३ )

---

करते हैं तन-मन से वंदन, जन-गण-मन की अभिलाषा का

अभिनंदन अपनी संस्कृति का, आराधन अपनी भाषा का।

यह अपनी शक्ति सर्जना के माथे की है चंदन रोली

माँ के आँचल की छाया में हमने जो सीखी है बोली

यह अपनी बँधी हुई अंजुरी ये अपने गंधित शब्द सुमन

यह पूजन अपनी संस्कृति का यह अर्चन अपनी भाषा का।

**- सोम ठाकुर**

---

'हिन्दी पखवाड़ा-2023' का शुभारंभ 14-9-2023 को विद्यालय के प्रांगण में हुआ। इस प्रात:कालीन सभा में विद्यालय के प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं मुख्याध्यापिका, विद्वान् शिक्षक-गण तथा प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-वर्ग सम्मिलित हुए। प्राचार्य , उपप्राचार्य एवं मुख्याध्यापिका एवं हिन्दी विभाग के शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित करके इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस सभा को प्राचार्य ने हिन्दी भाषा के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए संबोधित किया। प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती श्वेता रानी ने छात्रों को मधुर संगीत की माध्यम से छात्रों को अधिक से अधिक हिन्दी सीखने व प्रयोग करने और हिन्दी पखवाड़े में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस पखवाड़े में पूर्व प्राथमिक स्तर, प्राथमिक स्तर एवं उच्च स्तर के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं के आयोजन की सूचनादी गई। इसी पखवाड़े के दौरान अर्द्धवार्षिक परीक्षा और गणेश पूजा अवकाश होने के बावजूद प्राचार्य जी के कुशल निर्देशन में हिन्दी पखवाड़े संबंधी प्रतियोगिताएँ 14 **सितंबर से 29 सितंबर 2023** तक सम्पन्न कारवाई जा सकीं। विद्यालय के शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए हिन्दी पखवाड़े से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुम्बई के निर्देशानुसार **15. 16, 18 और 26 सितंबर-2023** को विद्यालय मे किया गया। दिनांक 27-9-2023 को एक सराहनीय **कवि सम्मेलन** का आयोजन भी किया गया जिसे एक अच्छी शुरुआत के रूप में माना जा सकता है। इस वर्ष विद्यालय परिवार के अभिभावकों को भी इस हिन्दी-पखवाड़े से संबंधित प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

बालवाटिका वर्ग के लिए हिन्दी **कविता वाचन, हिन्दी सुलेख लेखन तथा हिन्दी में स्व परिचय** का आयोजन किया गया। इस प्रकार बालवाटिका वर्ग के लिए 21 पुरस्कार प्रदान किये जा रहे हैं। प्राथमिक वर्ग **के लिए कविता वाचन, पोस्टर एवं स्लोगन लेखन तथा निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।** इस प्रकार प्राथमिक वर्ग के लिए कुल 30 पुरस्कार प्रदान किये जा रहे हैं।

उच्च स्तर हेतु **कक्षा छठी, सातवीं तथा आठवीं कक्षाओं के लिए स्वरचित कविता लेखन एवं पात्र-अभिनय (रोल प्ले) प्रतियोगिता और नवीं व दसवीं कक्षाओं हेतु संवाद तथा वृत्त चित्र (ऑडियो/वीडिओ) प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रकार उच्च स्तर के लिए लगभग 32 पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। **अभिभावकों** के लिए आयोजित विविध प्रतियोगिताओं में 9 पुरस्कार तथा शिक्षकों एवं गैर शिक्षको को 13 पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। इस प्रकार आज देय कुल पुरस्कारों की संख्या लगभग 105 है।

हार्दिक आभार।          जय हिन्दी, जय हिंदुस्तान।

# हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम की तस्वीरें

हिन्दी पखवाड़ा उद्घाटन दिवस






चित्र - रचना






हिंदी पखवाड़ा,पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता





शिक्षक / अभिभावकों हेतु मौलिक कविता लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिता





शिक्षक/अभिभावकों हेतु वक्तृत्व प्रतियोगिता





संवाद प्रतियोगिता





हिंदी पखवाड़ा, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता





“निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को शूल।”

-भारतेंदु हरिश्चंद

------------------------------